आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 07 मई, 2024
www.azadsipahi.in



## इटकी जलमीनार परिसर में विभाग ने की दो डीप बोरिंग

**इटकी (आजाद सिपाही)।** जल संकट एवं अखबार में छपी खबर पर सज्ञान लेते हुए जल मिनार में प्रर्याप्त जल संग्रह के लिए विभाग ने दो और डीप बोरिंग लगाने का कार्य पूरा कर लिया है। विभाग ने एक मई को इटकी जल मिनार परिसर में दो डीप बोरिंग लगाने की स्वीकृति दी थी। चार मई की रात डीप वोरिंग लगाने का कार्य शुरू हआ और सोमवार की सुबह कार्य पूर कर लिया गया है। बतातें चलें कि जल मिनार में जल संग्रह के लिए विभाग द्वारा पूर्व आठ बोरिंग लगाये गये थे लेकिन छह बोरिंग किन्हीं कारणों से खराब होने से जल मिनार में मात्र दो बोरिंग से जल संग्रह किया जा रहा था। जो प्रर्याप्त नहीं था। जिससे क्षेत्र में जलापूर्ति वाधित हो गया था। कनीय अभियंता विजय मिंज ने कहा कि दो डीप वोरिंग लगने के बाद जलापूर्ति में कमी नहीं आने की संभावना है।

## निर्णय : शक्ति केंद्रों में पथसभा कार्यक्रम को लेकर भाजपा की बैठक

# कांग्रेस और झामुमो के काले कारनामों से जनता को अवगत करायेंगे: रामनाथ

**11 से 14 मई तक आयोजित होगा भाजपा का पथसभा कार्यक्रम**

आजाद सिपाही संवाददाता


भाजपा प्रत्यासी की जीत को लेकर बैठक करते पार्टी के नेता-कार्यकर्ता।

**अनगड़ा।** भाजपा अनगड़ा मंडल की बैठक सोमवार को गोंदलीपोखर चुनाव कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो ने की। बैठक में सभी शक्ति केंद्रों में (पंचायत) पथसभा कार्यक्रम आयोजित किए जाने को लेकर चर्चा की गई। यह पथ सभा 11 से 14 मई तक आयोजित होगी। इस अवसर पर रामनाथ महतो ने कहा कि पथसभा कार्यक्रम के माध्यम से सभी शक्ति केंद्रों में कांग्रेस और झामुमो के काले कारनामों से जनता को अवगत कराना है। रामनाथ महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी नेकहा है कि उनके जिंदा रहते आदिवासी, दलित एवं पिछड़ों का आरक्षण रद्द नहीं होगा। कोई भी संविधान को बदल नहीं सकता है। यह बात लोगों को बताना है। इसके लिए सभी को अलग-अलग दायित्व सौंपा गया। बैठक में भाजपा से रांची लोकसभा सीट के प्रत्याशी संजय सेठ को भारी मतों से विजय बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, मानकी राजेन्द्र शाही, मंडल प्रभारी रोहित साहू, अजय कुमार महतो, रामसाय मुंडा, जगेश्वर महतो, कामेश्वर महतो, सुनील कुमार महतो, मानेश्वर मुंडा, सोहन मुंडा, लोकनाथ महतो, अजय कुमार भोगता, सुकुल महतो, गौरीशंकर मुंडा, लोकनाथ महतो, कुंती कुमारी, विरांची देवी, सुनीता देवी सहित अनगड़ा मंडल शक्ति केन्द्र के संयोजक सह संयोजक एवं पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## जो राम को लाये हैं, हम उनको लायेंगे: अमर बाउरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** झरिया अग्रवाल धर्मशाला में सोमवार को शक्ति केंद्र कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्यासी को भारी मतों से जित दिलाने का संकल्प किया गया। बैक में उपस्थित भाजपा के नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पूरे समर्पण भाव से समाज के लिए कार्य करता है। जनता के बीच हमलोग नरेंद्र मोदी जी की गारंटी को लेकर जा रहे हैं। जिसके हाथों में कमल का निशान हैं वह भाजपा प्रत्याशी है। आने वाले विधानसभा चुनाव में झरिया से कमल खिलेगा। उन्होंने बूथ के पदाधिकारियों को सक्रिय करते हुए मतदाताओं से संपर्क करने को कहा। कहा कि भाजपा ने देश को सुदृढ़ करने की दिशा में ऐतिहासिक निर्णय लिये हैं। धारा 370, राम मंदिर निर्माण सहित देश का विश्व की आर्थिक महाशक्ति के रूप में निरंतर बढ़ना इसका प्रमाण है। वहीं, झारखंड में कांग्रेस समर्थित झामुमो सरकार की कड़ी आचोलना की। कहा कि कांग्रेस ने साढ़े चार साल में झारखंड में भ्रष्टाचार और दोहन ही किया है। कहा कि जो राम को लाए है हम उनको लाएंगे। वहीं, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने कहा कि मोदी जी ने सैंकड़ों विकास कार्य किए हैं। उन्हें जन जन तक पहुंचाना है। झरिया में पिछले लोकसभा चुनाव से बढ़कर वोट मिलेगा। भाजपा को वोट देकर नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है। ताकि देश का विकास हो सके। पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर लगे हैं। उन्हीं की बदौलत पार्टी का परचम लहराता है। इस दौरान मौके पर प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, जिला अध्यक्ष श्रवण राय, लोकसभा चुनाव प्रभारी सुरेश साव, सतेंद्र कुमार, राजकुमार अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, उमेश यादव, राज किशोर जैन, अरुण साव, संतोष शर्मा, अभिषेक पाण्डेय, सुजीत सिंह, राजाराम पासवान आदि मौजूद थे।

## रास्ते के अभाव में गुमनाम हो गया अनगड़ा का खूबसूरत चुंदरी फॉल



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रकृति ने अनगड़ा प्रखंड को जोन्हा, हुंडरू, सीता फॉल सहित कई खूबसूरत और हसीन वादियों से नवाजा है। इन्हीं वादियों में एक है बरवादाग पंचायत अंतर्गत सीताडीह बेलटोली में स्थित चुंदरी झरना। जंगल और पहाड़ों की गोद में अवस्थित यह झरना प्राकृतिक सौंदर्यता से परिपूर्ण है, जो पर्यटकों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित करता है। पर रास्ते के अभाव में आज यह गुमनाम हो चुका है। पर्यटक चाहते हुए भी फॉल देखने नहीं पहुंच पाते हैं। गर्मी में जहां कई झरने सुख चुके हैं वहीं चुंदरी फॉल में आज भी पहाड़ों से पर्याप्त पानी का बहाव जारी है, जो इसकी खूबसूरती को चार चांद लगा देता है। राजधानी रांची से करीब 40 किलोमीटर और रांची-मुरी मार्ग में बरवादाग से करीब तीन किमी दूरी पर स्थित है यह चुंदरी फॉल। इस फॉल तक पहुंचने का रास्ता काफी दुर्गम है। रास्ते के अभाव में इस फॉल का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है। सरकार भी इस फॉल के विकास को लेकर उदासीन है। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता बुधराम बेदिया बताते हैं कि चुंदरी फॉल को एक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए उन्होंने कई बार झारखंड के पर्यटन विभाग सहित संबंधित अधिकारीयों को पत्र लिखा है पर आज तक इसपर कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थल के रूप में इसका विकास करने पर क्षेत्र के ग्रामीण बेरोजगार युवकों के लिए कई तरह के रोजगार का सृजन होगा वहीं सरकार को भी इससे राजस्व की प्राप्ति होगी।

## अनगड़ा अंचल कार्यालय में रैयतों को किया जा रहा परेशान : उमेश बड़ाइक

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सांसद प्रतिनिधि उमेश कुमार बड़ाइक ने अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलनात्मक रवैया अपनाने की चेतावनी दी है। एक प्रेस बयान जारी कर आरोप लगाया कि ऑनलाइन प्लॉट इंट्री, भू मापी सहित कई अन्य भूमि संबंधी मामलों में अंचल कार्यालय द्वारा गरीब रैयतों को काफी परेशान किया जा रहा है। बिना चढ़ावा के यहां जनता का कोई काम नहीं होता है। चढ़ावा नहीं देने पर जनता के आवेदन को कोई ना कोई त्रुटि दर्शा कर महीनों लटका दिया जाता है। ग्रामीण अंचल कार्यालय का महीनों चक्कर काटने के बाद थक हार कर बैठ जाती है। भू मापी कार्य में भी अंचल कार्यालय द्वारा रैयतों को काफी दौड़ाया जा रहा है। भू मापी के लिए सरकारी शुल्क जमा करने के बावजूद महीनों से मापी नहीं कराया जा रहा है। विदित हो कि पिछले महीने अनगड़ा अंचल कार्यालय के एक राजस्व कर्मचारी एवं एक प्राइवेट अमीन को एसीबी ने घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। उमेश बड़ाइक ने डीसी से अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच करने और सेवा गारंटी अधिकार अधिनियम के तहत निर्धारित समय पर ग्रामीणों के आवेदन को निष्पादित कराने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अंचल कार्यालय के अधिकारी और कर्मी अपने रवैए में सुधार नहीं लाते हैं तो फिर चुनाव बाद उनके विरुद्ध आंदोलनात्मक रूख अख्तियार किया जाएगा।

## निरसा विधायक ने किया अमर बाउरी का स्वागत




**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी सोमवार को निरसा पहुंचे थे। जहां निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव के निमित्त निरसा पांड्रा मोड़ स्थित भाजपा पार्टी कार्यालय में संगठनात्मक बैठक की गई। जिसमें शामिल अमर बाउरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। आपका प्रत्येक वोट देश के विकास को और नई गति देगा। कहा कि कांग्रेस तुष्टीकरण की राजनीति करती है। दलित, आदिवासी, अति पिछड़ा समुदाय के आरक्षण को छीनकर, एक विशेष वर्ग को आरक्षण देना चाहती है जो सिंविधान पर डाका डालने के समान है। कांग्रेस देश को विभाजित, समाज को तोड़ने और राष्ट्र को कमजोर करने वाली ताकतों को मजबूत करने का काम करती है। इस मौके पर लोकसभा संयोजक सत्येंद्र कुमार, डब्ल्यू बाउरी, जयप्रकाश सिंह, जिला परिषद संजय सिंह, संजय सिंह, जिला मंत्री दीपा दास, संजय महतो, शिवकुमार दारुका आदि उपस्थित थे।

## आचार संहिता उल्लंघन को लेकर इटकी भाजपा मंडल अध्यक्ष के विरुद्ध दर्ज करवाया मामला

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** आचार संहिता के उलंघन को लेकर चुनाव उड़न दस्ता टीम के अंचल निरीक्षक जयकेश्वर साहू ने प्रखंड भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। उड़न दस्ता टीम ने आरोप लगाया है कि इटकी पंचायत के खाता संख्या 3, प्लाट 975 के भूमि स्वामी संजय कुमार के मकान पर भाजपा का अस्थायी चुनाव कार्यालय खोला गया है। टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान चुनाव आयोग के आदेश और शर्तों का उल्लंघन करते हुए भाजपा द्वारा पार्टी कार्यालय खोला गया है। पार्टी कार्यालय से 150 मीटर की दूरी पर मतदान केंद्र संख्या 338 और 339 है। भाजपा के अस्थाई कार्यालय आर्दश आचार संहिता के उल्लंघन के दायरे में आता है। प्रखण्ड मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की पर आईपीसी 188 और 131 /136 आरपी एक्ट धारा लगाया गया है।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ नवनिर्मित शिव हनुमान मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जरिया नहर टोली गांव में ग्रामीणों द्वारा नव निर्मित शिव हनुमान मंदिर का पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह महोत्सव सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुई। कलश यात्रा में लोहरदगा लोकसभा के संयोजक सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, राजीव रंजन अधिकारी मारुति मंगल परिवार के सुमेश कुमार महतो व संजय कुमार शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व विधायक ने कहा कि यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है और मन में अच्छे विचार आते हैं। धर्म की बात एक साथ मिल बैठकर सुनने से आपस में भाईचारा बढ़ता है और एक-दूसरे के प्रति दुर्भावना खत्म होती है। इस दौरान विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान यज्ञाचार्य पंडित सतीश की अगुवाई में बतौर यजमान बासुदेव महतो, गंदुर गोप, अनिल गोप, उमेश गोप, नंदलाल गोप, दीपक गोप, दिलीप गोप, मनोज गोप, अवध महतो, राजू, सुरेंद्र गोप, बबलू गोप, ईश्वर, रविंद्र रमेश महतो, प्रमोद महतो, बृजेश महतो, ओमप्रकाश गोप, प्रेम महतो, शिव गोप व राजकुमार गोप आदि ने पूरा किया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान वृंदावन के कथा व्यास निकुंज लाडली द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया गया। वहीं धार्मिक अनुष्ठान के दौरान हवन आरती, रामायण पाठ व हनुमान चालीसा पाठ आदि का आयोजन किया जाएगा। साथ ही यह महोत्सव 10 मई तक चलेगा।

## झारखंड में लूट की बनी इमारत गिर रही है : दीपक सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** झारखंड में ईडी की अलग-अलग जगहों पर छापामारी और करोड़ों रुपये नकद बरामद होने पर शिवसेना झारखंड प्रदेश प्रमुख दीपक सिंह ने कांग्रेस सरकार पर तंज कसा। दीपक सिंह ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस और झामुमो की सरकार में लूट खसोट से बनी इमारत गिर रही है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण सोमवार को देखने को मिला। जिस तरह से झारखंड के एक मंत्री आलमगीर आलम के पीए के घर से करोड़ों रुपए नकद बरामद होना कब कुछ अपने आप कह रहा है। उन्होंने कहा कि मंत्री के करीबी के घर से बरामद रुपये गरीबों के हक के हैं। जिसे भ्रष्ट नेताओं ने चोरी की है। दीपक सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जहां देश को विकास की राह पर ले जाने के लिए दिनरात मेहनत कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने हमेशा गरीबों के हक के पैसों की चोरी कर अपना महल खड़ा की है, जिसे मोदी सरकार एक-एक कर ढहा रही है।

## वार्षिक महोत्सव एवं मंडा पूजा को लेकर बैठक

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नवयुवक संघ पूजा समिति बरगावां की बैठक सोमवार को देवी मंडप प्रांगण में हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति के संरक्षक मनोज कुमार सिंह ने की। इस दौरान श्री शिवेश्वर संकट मोचन हनुमान मंदिर का तीसरा वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही मंडा पूजा की तैयारी पर चर्चा की गई। समिति के कृष्णा गोप एवं शंकर पांडेय ने संयुक्त रुप से बताया कि 16 मई को डागर के साथ मंडा पूजा की शुरूआत की जाएगी। छऊ नृत्य एवं झुलन की आर्कषक व्यवस्था की तैयारी हो रही है। इधर, मनोज सिंह ने बताया कि श्री हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव को लेकर (आज) मंगलवार सुबह 7 बजे कलश यात्रा, 11 बजे प्रसाद वितरण, शाम 7 बजे भजन कीर्तन, 11 बजे पुनः खीर प्रसाद वितरण के बाद वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम का समापन होगा। बैठक में बरगावां मुखिया अनीता तिर्की, बिमल कुमार, बिरेन सिंह, अमेश यादव, राजू गोप, यदुनंदन गोप, महेश्वर स्वांसी, अंजन तिर्की, विजय लोहरा, सोमनाथ लोहार, आनंद कुमार, सुरेन सिंह, प्रवीण गोप, बिनोद सिंह, कृष्णा कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## संविधान की रक्षा के लिए आइएनडीआइए गठबंधन को समर्थन: धर्मगुरु बंधन तिग्गा

### कहा- भाजपा विपक्ष मुक्त भारत की परिकल्पना रखती है, जो लोकतंत्र के लिए खतरा

आजाद सिपाही संवाददाता


महापंचायत में उपस्थित सरना धर्मगुरु बंधन तिग्गा व अन्य।

**मांडर।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर ऐतिहासिक जतरा खूंटा शक्ति स्थल के परिसर मुड़मा मांडर में महापंचायत आयोजित हुआ। जिसमें लोहरदगा लोकसभा के सभी प्रखंडों से लगभग 500 सामाजिक चिंतकों और आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधि आदि शामिल हुए। महापंचायत कि अध्यक्षता राजी पाड़हा सरना प्रार्थनासभा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सरना धर्मगुरू बंधन तिग्गा और संचालन सीताराम भगत ने किया। बैठक में केंद्र में पिछले 10 वर्षों से काबिज भाजपा, वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, एनडीए गठबंधन और आरएसएस समर्थित सरकार के कामकाज की समीक्षा की गई। इस दौरान भाजपा सरकार पर आदिवासियों के शोषण, दमन, उत्पीड़न, जुल्म, अत्याचार और उपेक्षित किए जाने सहित कई अन्य आरोप लगाये गये। वक्ताओं ने कहा कि एनडीए सरकार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम को कमजोर किया। भूमि अधिग्रहण कानून को कमजोर किया, वन अधिकार अधिनियम में बदलाव लाया जिससे देश के आदिवासी प्रभावित हुए और होंगे। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत 15 साल तक सांसद और समीर उरांव 6 साल तक राज्यसभा सांसद रहे। बावजूद इसके इन लोगों ने आदिवासी समाज के लिए कुछ नहीं किया। समीर उरांव का कहना है कि देश के बड़े संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक का मैं एक सच्चा सेवक हूं, जबिक आदिवासी समाज को आदिवासी सेवक की जरूरत है। भाजपा विपक्ष मुक्त भारत की परिकल्पना रखती है, जो लोकतंत्र के लिए खतरा है। इसके साथ ही लोहरदगा लोस से आइएनडीआइए गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत को समर्थन करने की सर्वसम्मति से घोषणा की गयी। बैठक में आदिवासी छात्र संघ के केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव, एलएम उरांव- प्रवक्ता पाड़हा समिति भारत, संजीव भगत जिला दीवान लोहरदगा, जगन्नाथ उरांव समाज चिंतक गुमला, जनार्दन टाना भगत अध्यक्ष टाना भगत कमेटी विशुनपुर, फौदा उरांव राजी बेल भारत, राणा प्रताप उरांव सेवानिवृत अधिकारी, दिनेश उरांव सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी, भौआ उरांव दीवान 24 पाड़हा समिति बेड़ो, जुगेस उरांव अध्यक्ष बेड़ो जतरा समिति, रवि तिग्गा प्रदेश अध्यक्ष राजी पाड़हा सरना प्रार्थना सभा भारत, महात्मा उरांव समाजसेवी बिशनपुर, बुद्धिमान उरांव समाजसेवी विशुनपुर, प्रो जलेश्वर भगत रांची आदि ने अपने-अपने विचार रखे।

## तैयारी पूरी, इटकी में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह भागवत कथा आज से

**इटकी (आजाद सिपाही)।** लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह भागवत कथा की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। मंगलवार की सुबह आठ बजे से कलश यात्रा के साथ श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ अनुष्ठान शुरू होगा। कलश यात्रा में बृंदावन से आई भागवत कथा वाचिका साध्वी देविका दिक्षित सहित 1100 महिलाओं के साथ भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल होगें। कलश यात्रा रुद्र महाकाल शिव मंदिर स्थित तलाब से शुरू होकर महाबीर चौक, बाजार होते श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर होकर पुनः महायज्ञ स्थल बनिया टोली पहुंचेगा।

## आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के नामांकन में रांची से शामिल हुए लोग



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह लोकसभा से आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी ने झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, झारखंड भजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक लंबोदर महतो की उपस्थिति में सोमवार को अपना नामंकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर रांची से आजसू के प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत, केंद्रीय सचिव भरत काशी, जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, केंद्रीय सचिव पारसनाथ उरांव, महिला जिला अध्यक्ष वीणा देवी, जिला परिषद सरिता देवी, पार्वती देवी, जलनाथ चौधरी, राजू नायक, संजय कुमार, मनोज, रूपाश्री देवी, कमला देवी, सावित्री देवी आदि शामिल हुए।

## नकली पेय पदार्थ बनाने वाली मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़, लाखों के पेयपदार्थ व मशीन जब्त

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर प्रशासन की ओर से लगातार छापामारी की जा रही है। इसी क्रम में धनबाद जिले के गोविंदपुर पुलिस ने बरियो मोड़ के समीप संचालित नकली पेय पदार्थ बनाने वाली मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए वहां छापामारी की। जहां से बड़ी संख्या में नकली पेय पदार्थ, बनाने वाली मशीन और रैपर आदि जब्त किया। साथ ही फैक्ट्री का संचालन करने वाले टीटीचापुरी निवासी श्याम पद मंडल (58) और मनोज कुमार मंडल (31) को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों रिश्ते में पिता-पुत्र है। इसकी जानकारी डीएसपी मुख्यालय 1 शंकर कामती ने दी। वे सोमवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से बातें कर रहे थे।

